# HTV-एडवांस मॉड्यूल

# सुरक्षित ड्राइविंग

## ड्राइविंग मैन्युअल और सड़क के नियम



# सुरक्षित ड्राइविंग

ड्राइविंग मैन्युअल और सड़क के नियम

# प्राक्कथन

आज भारतवर्ष देश उन्नति की चोटियों को छू रहा है। वहीं दूसरी तरफ तरह–तरह की समस्याएं भी उजागर हो रही हैं। बहुत से नौजवान वाहन चलाते वक्त शराब पीकर, सिगरेट, तम्बाकू और मोबाइल का इस्तेमाल करते हैं, जिसके कारण जान और सम्पति को नुकसान पहुँचता है।

यहां रोजाना समाचार आते हैं जिसमें बहुत से लापरवाह चालकों से दुर्घटनाएं हो जाती हैं व बहुत से लोग मर जाते हैं और जख्मी हो जाते हैं। हमें इसलिए सावधान रहना चाहिए ताकि हम इस श्रृंखला का हिस्सा न बन जाएं।

हमें ऐसे समाज का निमार्ण करना है जिसमें चालकों को शिक्षा द्वारा निपुण बनाया जा सके ताकि पदयात्री निडर होकर सड़को का प्रयोग करें। हम में से हर एक को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए, ताकि भविष्य में हमारे देश की सड़कें दुर्घटनामुक्त हो। यही हमारा मुख्य लक्ष्य होना चाहिए।

प्रकाशकः हयूवर्ट एबनर (इण्डिया) प्रा0 लि0
सी–18, चिराग एन्कलेव
नई दिल्ली–110048
फोन (011) 46107654
ई–मेल–driving@he-india.com वेबसाइटः www.he-india.com
© सर्वाधिकार सुरक्षित

पहला संस्करणः नवम्बर 2009

प्रकाशक की बिना अनुमति के इस पुस्तिका का कोई भी भाग प्रकाशित नहीं किया जा सकता है। न ही बिना इजाजत, किसी को रद्दोबदल करके या किसी दूसरे रूप में इलैक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, रिकार्डिंग अन्य के जरिए इस्तेमाल किया जा सकता है। इस पुस्तिका को किसी के द्वारा किराए पर उपलब्ध कराने की अनुमति नहीं है।

# सूची–क्रम




■ एच•टी•वी• – बेसिक 1.34

**जिम्मेदार ड्राइवर** 1.10
- ड्राइवर की जिम्मेदारियाँ 1
- आवश्यक दस्तावेज 2
- मोटर गाड़ी का पंजीकरण 3
- आवधिक जाँच और रखरखाव 4
- सामान को लादना और परिवहन करना 4
- वाहन और सामान की सुरक्षा 5
- वाहन का दुरुपयोग 5
- सामाजिक उत्तरदायित्व 6
- अच्छे ड्राइवर के गुण 6
- स्वास्थ और उपयुक्तता 7
- जानकारी, प्रशिक्षण, कुशलता और अनुभव 11
- सहायक की जिम्मेदारियाँ 11
- सड़क के नियमों का उल्लंघन और जुर्माना 12


**भार लादने की पद्धति** 13.16
- समान की जाँच 13
- भार की सुरक्षा 14
- सामान के परिवहन के लिए आवश्यक दस्तावेज 14
- टैंकर 15
- ख़तरनाक सामान लादकर जाना 15
- ज्यादा लदे गाड़ियों का नियंत्रण करना 16

**गाड़ी के बारे में जानकारी की आवश्यकता और रखरखाव** 17.24
- दैनिक जाँच 17
- यात्रा के बीच 18
- यात्रा का अंत 18
- साप्ताहिक जाँच 19
- आवधिक जाँच 19
- ट्रक में डीजल की बचत 19
- धुँआ निकालना 20
- बेहतर ड्राइविंग के लिए 6 सरल युक्तियाँ 24
- मन में रखिए 24

**ब्रेकडाउन/दुर्घटना/टो करना** 25.28
- ब्रेकडाउन 25
- दुर्घटना 26
- टो करना 27

**प्राथमिक चिकित्सा** 29.34
- सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के लिए प्राथमिक चिकित्सा 29
- सिर पर चोट 29
- गला और स्पाइनल में चोट 30
- छाती में चोट लगने के लक्षण 31
- हड्डियों के टूटने के लक्षण 31
- बाह्य घाव या चोट, कट और खरोच 32
- जलन 33

# सूची–क्रम



■ **एच•टी•वी• – 1** **35.70**

**वाहन गतिविज्ञान** **37.40**
- गुरुत्वाकर्षण 37
- गतिक ऊर्जा 37
- वाहन की गति 38
- वाहन का आकार 38
- सड़क की सतह के साथ टायर का घर्षण 38
- सड़क की स्थिति 39
- सड़क इंजीनियरिंग 39
- भार 40
- ब्रेक प्रणाली 40

**सुरक्षात्मक ड्राइविंग** **41.52**
- सुरक्षित ड्राइविंग तकनीक 41
- चलना शुरु करना 41
- सड़क से उतरना 42
- ब्रेक लगाना 42
- बॉए और दॉए मुड़ना 42
- ओवरटेकिंग 43
- रिवर्स ड्राइविंग 46
- यू–टर्न 47
- रास्ते का अधिकार 47
- एक चौराहे की ओर जाना जहाँ लाइट सिग्नल नहीं है 50
- लाइट सिग्नलों वाले चौराहों की ओर पहुँचना 50
- गोलचक्कर 50
- पार्किंग 51
- पार्क किए वाहनों को पार करना 51

**कठिन परिस्थितियों में ड्राइव करना** **53.58**
- सड़क की परिस्थितियां 53
- विपरीत मौसम की स्थितियाँ 55

**ख़तरे का बोध** **59.66**
- ख़तरे का बोध 59
- धीमा करना और ब्रेक लगाने का प्रबंध 63
- दृश्यता 64

**आपात स्थितियाँ** **67.70**
- टायर का विस्फोट होना 67
- ब्रेक फेल होना 68
- रोकने की क्रियाएँ 68
- गाड़ी में आग लगना 68
- फिसलना 69
- भार को षिफ़्ट करना या गिराना 69
- स्टीयरिंग का फेल होना 69
- प्रोपेल्लर शाफ़्ट यूनिवर्सल जाइन्ट का फेल होना 69
- टेलगेटिंग 70
- पीछे का एक्सेल फेल होना 70

केन्द्र बोल्ट फेल होना 70
विद्युतीय तार के साथ संपर्क 70
पुल के ऊपरी भाग को या नीचे के रास्ते को छूना 70



■ **एच•टी•वी• – 2** **71–88**

**वाहन की जानकारी** **73–86**
सामान्य 73
मोटर गाड़ी के भाग 73
इंजन 73
गाड़ी की प्रणालियां 74
ब्रेकिंग प्रणाली 76
टायर 76
इलेक्ट्रिकल प्रणाली 77
इलैक्ट्रीकल एसेसरीज 78
गाड़ी का रखरखाव 79
ट्रबल शूटिंग 86

# जिम्मेदार ड्राइवर




भारी वाहन के ड्राइवर की अतिरिक्त जिम्मेदारियाँ होती हैं। उसे न केवल अपनी सुरक्षा की चिन्ता होती है साथ ही उसके वाहन और सामान से संबंधित प्रशासनिक और सामाजिक जिम्मेदारियाँ भी होती हैं। उसे अच्छी तरह गाड़ी चलाकर दूसरों के लिए एक उदाहरण बनना चाहिए और सड़क का प्रयोग करने वाले अन्य लोगों के प्रति अच्छे विचार और विनम्रता होनी चाहिए। अच्छी सेहत, सकारात्मक चिंतन और व्यवहार आदि सड़क पर सुरक्षित रूप से गाड़ी चलाने के लिए आवश्यक होता है। अपने आपको स्वस्थ रखना एक ड्राइवर की जिम्मेदारी है। उसे उन चीज़ों का ध्यान रखना चाहिए जो अच्छी तरह गाड़ी चलाने की क्षमता को घटा सकती हैं।

## » ड्राइवर की जिम्मेदारियाँ

एक ड्राइवर निम्नलिखित के लिए जिम्मेदार है:

- वह जो गाड़ी चला रहा है उसे चलाने के लिए उसके पास एक मान्य ड्राइविंग लाइसेन्स होना चाहिए।
- पंजीकृत गाड़ी होनी चाहिए।
- गाड़ी को फिट होना चाहिए – गाड़ी को सड़क पर चलने लायक बनाए रखना चाहिए।
- गाड़ी चलाते समय हमेशा आवश्यक दस्तावेज, एक प्राथमिक चिकित्सा बक्सा, एक चेतावनी त्रिकोण, एक संपूर्ण टूल किट, एक अतिरिक्त व्हील और जैक अपने पास रखना चाहिए।




- सामान को सुरक्षित रूप से परिवहन करने के अलावा यात्रियों को सुरक्षित रूप से एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचाना एक ड्राइवर का कर्तव्य है। उसे यह निश्चित करना चाहिए कि लादा गया सामान सुरक्षित हैं और गाड़ी पर अधिक भार लादा नहीं जा रहा है।
- उसे सतर्क होना चाहिए और सभी परिस्थितियों और शर्तों में शारीरिक रूप से गाड़ी चलाने में सुयोग्य (थकावट, मद्यपान और विचलित के बिना) होना चाहिए। उसे हमेशा सड़क के नियमों का पालन करना चाहिए।
- गाड़ी में सही और सुविधापूर्ण रूप से बैठने की स्थिति होनी चाहिए जिससे गाड़ी को ठीक तरह नियंत्रित कर सके, पैर पैडल तक पहुँच सके और स्टीरिंग व्हील को सरलता के साथ बिना किसी कठिनाई के घुमा सकें।
- हमेशा सीटबेल्ट का प्रयोग करें।





- यह निश्चित करना चाहिए कि ड्राइवर को सड़क और सड़क पर ट्रैफिक अच्छी तरह और स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। विन्डस्क्रीन और ड्राइविंग शीशों को सही प्रकार एड्जस्ट करके रखना चाहिए।
- गाड़ी को पर्यावरण के अनुरूप चलाना चाहिए। अचानक गाड़ी की गति बढ़ाना और ब्रेक नहीं लगाना चाहिए। लाल बत्ती पर गाड़ी को बन्द करके फिर बाद में धीरे से गाड़ी को चलाकर प्रदूषण से दूर रहिए।

# जिम्मेदार ड्राइवर

## » आवश्यक दस्तावेज

एक व्यावसायिक ड्राइवर को उस गाड़ी के सभी आवश्यक दस्तावेजों से परिचित होना चाहिए जिसे वह चला रहा है और उन सभी व्यक्तिगत कागज़ातों का ज्ञान होना चाहिए जो उसे एक प्रशिक्षित ड्राइवर बनाते है।

सभी दस्तावेजों को अपडेटेड रखना उसी जिम्मेदारी है। जैसे कि ड्राइविंग लाइसेन्स, सड़क कर और परमिट आदि। सड़क के नियमों और विनियमों से उसे अच्छी तरह परिचित होना चाहिए।




गाड़ी चलाते समय ड्राइवर को निम्नलिखित दस्तावेजों को साथ में रखना अत्यंत आवश्यक है।

- एक मान्य ड्राइविंग लाइसेन्स
- गाड़ी की रजिस्ट्रेशन प्रमाण–पत्र
- आवश्यकतानुसार सड़क कर प्रमाण–पत्र
- यात्रियों का कर/सामान का कर
- कन्साइन्मेन्ट वाउचर/बीमा
- बीमा पत्र
- नियंत्रित प्रदूषण के लिए प्रमाण–पत्र
- प्राधिकरण/पर्मिट और गाड़ी के लिए फिटनेस प्रमाणपत्र
- ट्रम्प कार्ड और रूट मैप (हैज़केम गाड़ियों के लिए अत्यंत आवश्यक)

वर्दी में कोई भी पुलिस अधिकारी या यातायात विभाग से प्रवर्तन अधिकारी और कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी इन दस्तावेजों को किसी भी समय जाँच कर सकते हैं।

मान्य दस्तावेजों को प्रस्तुत नहीं करना दण्डयोग्य अपराध है और इसके लिए गाड़ी को पुलिस द्वारा बन्द भी किया जा सकता है।

## ड्राइविंग लाइसेन्स

एक मान्य ड्राइविंग लाइसेन्स रखने वाला निम्नलिखित में से एक या एक से अधिक प्रकार के मोटर गाड़ी चलाने का अधिकारी होता है।

- गियर के बिना मोटरसाइकिल
- गियर वाली मोटरसाइकिल
- तिपहिया गाड़ी
- हल्का मोटर वाहन (निजि/व्यवसायिक)
- परिवहन गाड़ी (सामान/यात्री)
- एक विशिष्ट विवरण वाली मोटर गाड़ी

एक एच• टी• वी• गाड़ी को चलाने के लिए उसके पास एक मान्य भारी परिवहन गाड़ी का लाइसेन्स होना आवश्यक है।




## ड्राइविंग लाइसेन्स की मान्यता

यदि आपका लाइसेन्स कमर्शियल यात्रियों या सामान की गाड़ी के लिए है तो उसे प्रति 3 साल में एक बार रिन्यू करना होगा या जैसे लाइसेन्स देने वाले प्रधिकारी ने बताया है वैसे करना चाहिए। फिर भी यदि आपके पास हैज़केम सामान लादने का समर्थन है तो आवश्यक हैज़केम रिफ्रेशर कोर्स पूरा करने के बाद उसे प्रतिवर्ष नवीनीकरण करना चाहिए।

## ड्राइविंग लाइसेन्स का पुनः नवीनीकरण

समाप्ति दिनांक के बाद 30 दिनों के अंदर आपको अपने ड्राइविंग लाइसेन्स को रिन्यू कर लेना चाहिए। ड्राइविंग लाइसेन्स के समाप्त होने के बाद 30 दिनों के बाद गाड़ी चलाना अपराध है। एक कमर्शियल लाइसेन्स को प्रत्येक तीन साल के बाद रिन्यू करना चाहिए।

### आवश्यकताएँ

- फार्म नं.9 में प्रार्थना पत्र
- उम्र और घर के पते का प्रमाण
- आवश्यकतानुसार चिकित्सा प्रमाण पत्र
- आपका प्रस्तुत ड्राइविंग लाइसेन्स
- पासपोर्ट साइज़ का फोटो – तीन प्रतियाँ
- रिफ्रेशर प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र
- फीस जैसे प्रयुक्त

## खोये हुए लाइसेन्स के मामले में

लाइसेन्स के खो जाने पर तुरन्त रिपोर्ट कीजिए। एक डूप्लिकेट लाइसेन्स प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित पद्धति का अनुकरण कीजिए:

- लाइसेन्स के खो जाने की परिस्थिति के बारे में सभी विवरण देते हुए पुलिस स्टेशन को एक लिखित रिपोर्ट दीजिए।
- यदि कमर्शियल लाइसेन्स हो तो ट्रैफिक पुलिस से एक चलान क्लीयरेंस रिपार्ट प्राप्त कीजिए।
- एल एल डी फार्म (लाइसेन्स की खोने या नष्ट होने पर डूप्लिकेट लाइसेन्स प्राप्त करने का आवेदन पत्र) भरें।
- अपने खोये हुए लाइसेन्स का एक फोटोकॉपी संलग्न कीजिए।
- उम्र और घर के पते का प्रमाण
- फीस जैसे प्रयुक्त

अपनी सुरक्षा के लिए, हमेशा अपने ड्राइविंग लाइसेन्स को साथ में रखिए या लाइसेन्स संख्या, तारीख और जिसने यह लाइसेन्स ज़ारी किया उसका विवरण लिखकर रखिए।

## » मोटर गाड़ी का पंजीकरण

### पंजीकरण संख्या

जब तक एक गाड़ी को पंजीकृत करके एक पंजीकरण संख्या नहीं दी जाती है तब तक उस गाड़ी को चलाया नहीं जा सकता है।




पंजीकरण चिन्ह, परिवरहन प्राधिकरण अधिकारी द्वारा निर्धारित संख्या को:

- मोटर गाड़ी के आगे और पीछे प्रदर्शित करना चाहिए।
- यह संख्या सुझाए गए साइज़ की होनी चाहिए और एक उचित दूरी से स्पष्ट दिखाई देनी चाहिए।

अक्षरों का फेन्सी के रूप से चित्रित करना गैर–कानूनी है और दंडनीय है।

संख्या के लिए आवेदन किये गये गाड़ी पर एप्लाइडफॉर का प्लेट लगाकर चलाना मना है।

पंजीकृत नम्बरप्लेट में अक्षरों का साइज़, संख्याएँ और साथ ही उसका रंग कानून के अनुसार होना चाहिए।

यह आवश्यक है कि आप नियमानुसार चलें ताकि किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके।

## "प्रदूषण नियंत्रित है" प्रमाण पत्र:

आपकी गाड़ी में एक मान्य प्रदूषण नियंत्रण का प्रमाणपत्र होना चाहिए।




कई राज्यों में विभिन्न आवश्यकताएँ होती हैं जहाँ मान्यता तीन महीने से लेकर छः महीने तक भिन्न हो सकती हैं।

आवश्यकताओं का ज्ञान रखना महत्वपूर्ण है और राज्य के नियम और अधिनियमों का अनुपालन करना आवश्यक है।

## वाहन के लिए फिट होने का प्रमाण–पत्र

केवल सुरक्षित और अच्छी तरह व्यवस्थित गाड़ी को सड़क पर चलाने की अनुमति होती है। यदि एक गाड़ी दो साल पुरानी है तो उसे प्रत्येक साल जाँच करवानी चाहिए और वह सड़क पर चलाने लायक घोषित की जानी चाहिए। यह जाँच दो साल पूराने सभी वाहनों के लिए अनिवार्य है।

## » आवधिक जाँच और रखरखाव

केवल सड़क पर चलने योग्य गाड़ी पर सड़क पर चलाने की अनुमति दी जाती है। इसका मतलब है कि गाड़ी में सभी मैकेनिकल और इलैक्ट्रिकल पुर्ज़ों को सही ढंग से काम करना चाहिए और वाहन को अच्छी तरह बनाए रखना चाहिए। यह ड्राइवर की जिम्मेदारी है कि प्रत्येक ड्राइवर को अपनी गाड़ी को ठीक प्रकार बनाए रखना और गाड़ी को सुरक्षित और चालू स्थिति में रखना चाहिए। गाड़ी को हमेशा इस प्रकार से बनाए रखना चाहिए कि उसे किसी भी समय सुरक्षित रूप से चलाया जा सके। सुरक्षित ड्राइविंग के लिए ड्राइविंग से पहले जाँच करना और नियमित रूप से जाँच करना अत्यंत आवश्यक है।

यदि आपको कोई त्रुटि मालूम पड़ती है तो उसे ठीक किए बिना अपनी यात्रा शुरू मत कीजिए।

ड्राइविंग करते समय इन्स्ट्रूमेन्ट पैनल, शीशो और गाड़ी के बरताव पर लगातार ध्यान रखिए। यदि कोई सतर्कता की बत्तियाँ हैं, कोई बू या इशारा मिले कि आपकी गाड़ी ठीक तरह से नहीं चल रही है या निर्धारित शर्तों में नहीं चल रही है तो गाड़ी को तुरंत रोककर समस्या का पता लगाइए।




यदि समस्या को पहचाना या हल नहीं किया जाता है तो यह निर्णय कीजिए कि गाड़ी को सुरक्षित रूप से चलाया जा सकता है या उसे निकट के मैकनिक की कार्यशाला तक खींचकर ले जाया जाए।

ड्राइविंग करने से पहले जाँच करना, पेट्रोल भरते समय नियमित रूप से जाँच करना और नियमित रूप से गाड़ी की सर्विस करने से गाड़ी चलाते समय होने वाली समस्याओं को वह कम करेगा और गाड़ी को चालू हालत में बनाए रखने का खर्च भी कम करेगा।

## » सामान को लादना और परिवहन करना

गाड़ी की स्थिरता, नियंत्रण और संचारण को प्रभावित करने वाला एक महत्वपूर्ण कारक सामान लादना है। प्रत्येक गाड़ी में सामान लादने और अधिकतम यात्रियों को बिठाने की क्षमता होती है।




उसकी क्षमता से ज्यादा लादने से गाड़ी का नुकसान हो सकता है और गाड़ी नियंत्रण खो सकती हैं। इससे भयंकर परिस्थितियाँ उत्पन्न हो सकती हैं और ड्राइविंग के समय गाड़ी निंयत्रण खो सकती है।

- कभी गाड़ी पर ज्यादा भार मत लादिए। विशिष्ट सीमाओं को पार मत कीजिए (कि.ग्राम/लंबाई/चौड़ाई/ऊँचाई)।
- परिवहन का प्रत्येक सामान को उस स्थान पर रखना चाहिए जहाँ वह सुरक्षित रहेगी। उसे सुरक्षित और रस्सी से बाँधा हुआ रखना चाहिए।
- कभी भी उपकरण, पानी के बोतल, अग्निधामक, स्टोव, बाल्टी, टो करने का चैन आदि को संग्रहीत कर केबिन में असुरक्षित रूप से मत रखिए। यदि आप अचानक ब्रेक मारते हैं तो ये सामान कैबिन के चारों ओर बिखरकर भयानक उपकरण बन सकते है और आपको या आपके सहायक को चोट लग सकती है। इसके कारण आप गाड़ी पर नियंत्रण खो सकते हैं।

